प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में एम.बी.ए.(एग्रीबिजनेस) एवं एम.बी.ए. पाठ्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

पंतनगर। 13 जनवरी 2022। विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबन्धन महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डा. आर. एस. जादौन, ने कुलपति, डा. तेज प्रताप के कुशल मार्गदर्शन, महाविद्यालय के प्रतिष्ठित शिक्षकों, तथा महाविद्यालय के सहायक कर्मियों, द्वारा किये जाने वाले योगदान में अवगत कराया। महाविद्यालय के प्रभारी अधिकारी, प्रवेश, डा. सौरभ सिंह ने प्रवेश एवं प्रवेश प्रक्रिया के सम्बन्ध में कहा कि इस वर्ष से महाविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों, एम.बी.ए. (एग्रीबिजनेस) तथा एम.बी.ए., में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों को विवरण पुस्तिका एवं प्रवेश फार्म मात्र ऑनलाइन प्रक्रिया से ही प्राप्त होंगे। इस हेतु अभ्यर्थी विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय वेबसाइट ूण्हइचनंजण्पद पर जाकर विस्तृत विवरण तथा विवरण–पत्रिका एवं फार्म, निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। प्रवेश प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों को स्वयं यह सुनिश्चित करना होगा कि वे इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम अर्हता रखते हैं। प्रभारी प्रवेश ने प्रवेश परीक्षा पर प्रकाश डालते हुये बताया कि महाविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में तीन चरणों में होती हैं। प्रथम, सभी इच्छुक विद्य ार्थियों को कैट अथवा सीमैट परीक्षा (जो अन्य स्रोत अन्य संस्थान द्वारा होती हैं) की लिखित परीक्षा देनी होगी। महाविद्यालय प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों की संख्या तथा पाठ्यक्रम में उपस्थित सीटों की संख्या एवं लिखित परीक्षा प्राप्त परिणामों को आध ाार मानकर, विद्यार्थियों की एक निश्चित संख्या को अग्र दो चरणों हेतु आमंत्रित किया जाता है। यह दोनों चरण महाविद्यालय के स्तर पर किये जाते हैं। आमंत्रित विद्यार्थियों को यहां द्वितीय एवं तृतीय चरण, समूह चर्चा एवं व्यक्तिगत अंतःक्रिया, में भाग लेना होता है। विद्यार्थियों द्वारा तीनों चरणों में किये गये प्रदर्शन के आधार पर मैरिट लिस्ट तैयार की जाती है तथा विश्वविद्य ालय एवं राज्य सरकार के प्रवेश नियमों का पालन करते हुये विद्यार्थियों को (उपलब्ध सीटों की संख्या के बराबर) प्रवेश हेतु आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने अभ्यर्थियों को शैक्षणिक कार्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया में पुनः आमंत्रित किया।

अधिष्ठाता, डा. आर.एस. जादौन, ने बताया कि कृषि व्यवसाय प्रबन्धन महाविद्यालय आवश्यक संसाधनों के रूप में विश्वविद्यालय के अन्य महाविद्यालयों के शिक्षकों को आवश्यकता एवं विषय विशेषज्ञता के आधार पर महाविद्यालय के विद्य ार्थियों के साथ ज्ञान साझा करने हेतु आमंत्रित करना, विश्वविद्यालय में उपस्थित प्रायोगिक एवं व्यावहारिक इकाईयों का भ्रमण कराना, जिससे उन्हें उद्यमों के बारे में ज्ञान वृद्धि हो सके। विश्वविद्यालय में स्थित इस इकाईयों में प्रमुख के रूप में, दुग्ध इकाई, कुक्कुट अनुसंधान, फसल अनुसंधान केन्द्र, बीज संवर्धन केन्द्र, मशरूम अनुसंधान केन्द्र, औषधीय वनस्पति संबंधी केन्द्र, औद्यानिक केन्द्र, कृषि अभियंत्रण केन्द्र तथा निकट सिडकुल का होना इत्यादि हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में वाचनालय स्थापित होने के साथ पुस्तकालय भी विद्यार्थियों हेतु उपलब्ध है।

महाविद्यालय के प्रभारी अधिकारी, सेवायोजन, डा. जयंत गौतम ने कहा कि महाविद्यालय के वर्तमान सत्र 2021–22 के जून में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का सेवायोजन, कोविड–19 महामारी की विभीषिका के दुष्प्रभावों की परिस्थिति में भी पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में एम.बी.ए. (एग्रीबिजनेस) तथा एम.बी.ए. के अतिरिक्त पीएच.डी. की उपाधि हेतु पाठ्यक्रम है। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों प्रवेश फार्म विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल ूण्हइचनंजण्पद पर 01 जनवरी 2022 से उपलब्ध हैं। साधारण रूप से प्रवेश फार्म प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022 है। यदि किसी इच्छुक विद्यार्थी इस समय सीमा में प्रक्रिया पूर्ण करने पर असफल रहता है तो वह 31 मार्च 2022 तक अतिरिक्त विलम्ब शुल्क जमा कर सकते है।

कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय।